सहारनपुर में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

2 दिसंबर, 2021 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहारनपुर ज़िले के पुंवारका ग्राम में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे।

प्रमुख बिंदु

- माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की स्थापना कुल 50.43 एकड़ क्षेत्रफल में की जाएगी तथा निर्माण कार्य 18 माह में पूरा कर लिया जाएगा।
- विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, छात्रावास, आवासीय भवन आदि के निर्माण हेतु प्रथम चरण में 92.04 करोड़ रुपए की लागत के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया है।
- माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में सहारनपुर मंडल के तीनों जनपद मुज़फ्फरनगर, सहारनपुर एवं शामली को सम्मिलित किया गया है।
- इन तीनों जनपदों के 264 महाविद्यालय इस विश्वविद्यालय से संबद्ध किये गए हैं। विश्वविद्यालय की स्थापना से सहारनपुर मंडल के छात्र-छात्राओं को निकटतम स्थान पर ही उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।
- इस विश्वविद्यालय से जारी डिग्री पर माँ शाकुम्भरी का चित्र होगा।
- विश्वविद्यालय में नर्सिंग, फार्मेसी, कंप्यूटर एवं विभिन्न रोज़गारपरक पाठ्यक्रम संचालित होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/foundation-stone-of-maa-shakumbhari-university-laid